[Shri Ravindra Varma]

session. So, we will now take up Item No. 28.

16.40 hrs.

MOTION *RE.* GROWING STUDENT UNREST IN UNIVERSITIES

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यह सभा विश्वविद्यालयों में तथा विश्वविद्यालय समझे जाने वाले उच्चतर शिक्षा के अन्य संस्थानों में बढ़ते हुए छात्र असंतोष पर चिन्ता व्यक्त करती है और सरकार से सिफारिश करती है कि असन्तोष के कारणों को दूर करने के लिए समुचित पग उठाये जायें।"

PROF. P. G. MAVALANKAR (Gandhinagar): Sir, what about item No. 27? Why are you skipping over it?

MR. SPEAKER: Item No. 28 is listed to be taken up at 4 O'Clock. The House has agreed to postpone it by half an hour.

PROF. P. G. MAVALANKAR: Even then the House would like to have some indication of the thinking of the Government in the matter. I am not interested only in a discussion as such. It can go over to the next session.

MR. SPEAKER: When the matter was taken up and postponed, you must have been present.

PROF. P. G. MAVALANKAR: Let him tell the House that the main recommendations of the Verghese Committee regarding autonomy will be implemented as speedily as possible. At least that assurance should be given.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: No, there may be different of opinion on the Verghese Committee's report. It should be examined.

PROF. P. G. MAVALANKAR: Otherwise, bureaucracy is acting in its own way. Let him give some indication as to what Government are going to do in the matter. It is a very serious matter.

SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU (Chittoor): Government has said so many times that it is going to give autonomy.

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): Government stands by its basic commitment to grant autonomy to the broadcasting media, but the shape and kind of its autonomy would depend on the debate in the House. I was keen to have the debate in this session itself, but somehow it has not been possible. So far as the Government is concerned, Government stands by its commitment of granting autonomy.

श्री कंवर लाल गुप्त : अध्यक्ष महोदय, मैं ने सदन के सामने जो प्रस्ताव पेश किया है, वह एक बहुत महत्वपूर्ण प्रस्ताव है और उस का सम्बन्ध देश की एक बहुत बड़ी समस्या से है। मुझे भय है कि अगर हम ने इस समस्या को जल्दी से न सुलझाया तो हो सकता है कि देश का प्रजातंत्र ख़तरे में पड़ जाय और ला एण्ड आर्डर की स्थिति बिगड़ जाय, यहां तक कि वह हमारे काबू से बाहर हो जाय। इस लिए मैं चाहूंगा कि सरकार इस समस्या पर गम्भीरता से विचार करे और इस को हल करन के लिए जल्दी से जल्दी कदम उठाय।

इस बारे में मार्च, और अप्रैल, 1978 के दौरान पूछे गए सवालों के मंत्री महोदय ने जो जवाब दिये, उनसे यह प्रकट हुआ कि पिछल एक वर्ष में जितनी बार हिन्दुस्तान की यूनिवर्सिटीज़ बन्द हुई हैं, शायद उतनी बार आज तक कभी बन्द नहीं हुई हैं। पहल भी कभी कभी यूनिवर्सिटीज बन्द होती थीं, लेकिन अब शायद ही कोई ऐसी यूनिवर्सिटी हो, जो कभी न कभी बन्द न हुई हो और शायद ही कोई प्रदेश बचा हो, जहां कोई यूनिवर्सिटी बन्द न हुई हो। इस क आतारक्त एक और गम्भीर बात यह देखने में आ रही है कि यूनिवर्सिटीज के बन्द होने के साथ साथ वायलेंस की घटनायें भी दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही हैं।

मैं समझता हूं कि सदन में इधर बठने वाले सदस्य हों या उधर बठने वाले सदस्य हों, इस बारे में दो राय नहीं हो सकती हैं कि आज जो स्थिति है, वह संतोषजनक नहीं है, वह एक चिन्ताजनक स्थिति है, और इस में सुधार किया जाना चाहिए। विद्या

विश्वों की अनरेस्ट का प्रश्न किसी पार्टी का सवाल नहीं है, यह जनता पार्टी या इस सरकार का सवाल नहीं है, बल्कि यह सारे राष्ट्र का सवाल है। इस लिए इस सदन की यह जिम्मेदारी है कि हम आज की बहस में कोई ऐसा रास्ता निकालें, जिससे विश्वविद्यालयों में शान्ति स्थापित हो और वहां एक ऐकडेमिक एटमास्फियर पदा हो।

मैं समझता हूं कि एक सब से बड़ा कारण यह है कि इमर्जेंसी के दौरान, और उससे कुछ दिन पहले, विद्यार्थियों ने देश में प्रजातंत्र की स्थापना के लिए एक जबर्दस्त आन्दोलन किया था। और उनका एक जबर्दस्त भाग इस आंदोलन में रहा। देश में पुनः प्रजातंत्र का निर्माण हुआ, हमें दोबारा आजादी मिली—इसमें विद्यार्थियों का भी बहुत बड़ा भाग रहा है। मैं कहूंगा कि अगर विद्यार्थी इसमें अगुवा न होते, श्री जयप्रकाश नारायण की काल के साथ अगर विद्यार्थी न चलते तो शायद आज जिस स्थिति में यह देश है उस स्थिति में वह न होता। उन्होंने अपना तन, मन और धन दांव पर लगाकर, अपना जीवन न्योछावर करने के लिए तैयार हो कर एक काम किया, इस आशा के साथ कि अगर देश का राजनीतिक वातावरण बदलेगा तो विश्वविद्यालयों का वातावरण भी बदलेगा। आज मैं समझता हूं कि स्टूडेण्ट्स अनरेस्ट का एक जो सबसे बड़ा कारण है वह यह है कि देश का राजनीतिक वातावरण तो बदल गया, देश में प्रजातंत्र तो आ गया लेकिन दुर्भाग्य से यूनिवर्सिटीज का ढांचा वैसा का वैसा ही रहा, उसमें कोई परिवर्तन नहीं आया। इस देश में प्रेस की फ्रीडम तो आ गई, अदालतों की फ्रीडम भी आ गई और व्यक्तिगत स्वतन्त्रता भी हो गई लेकिन यूनिवर्सिटीज का ढांचा वही रहा। अगर उसमें कोई परिवर्तन आया भी तो बहुत थोड़ा आया। विद्यार्थियों की जो आशायें थीं कि हम भी ताजी हवा में रहेंगे वह हवा उनको नहीं मिली। तो इसमें एक यह चीज है।

आज देश के कोने कोने में मांग हो रही है कि इमर्जेंसी के दिनों में यूनिवर्सिटीज में जो कुछ हुआ, जिन्होंने वह किया, उसकी जिम्मेदारी निश्चित होनी चाहिए, उनकी सजा होनी चाहिए और उनको वहां से हटाना चाहिए। आपने शाह कमीशन बिठाया आज वहां पर शाह कमीशन की रिपोर्ट भी रखी गई, देश में आशा बनी कि जिन लोगों ने कसूर किया है उनको सजा दी जाएगी ताकि आने वाली सरकार, चाहे इधर की हो या उधर की हो, वह ऐसा कोई काम नहीं करेगी जिससे देश में फिर प्रजातंत्र खतरे में पड़े। यह तो हुआ लेकिन उसके साथ-साथ यूनिवर्सिटीज में ऐसा नहीं हुआ। मुझे याद है जिन वाइस चांसलर ने एक्सेसेज की थीं, जिन्होंने अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कत्ल किया, मैं दिल्ली जेल में था वहां पर 12 साल के बच्चे भी मेरे साथ थे, जब हमको कोई वकील नहीं मिला जो कि हाईकोर्ट में पेटीशन ले जाता कि उन बच्चों के लिए परीक्षा दिलाने का इन्तजाम होना चाहिए तो मैंने उनकी तरफ से आर्ग्यू किया, मैं भी डिटेन्यू था और वे भी डिटेन्यू थे, वकील ने कहा कि अगर यूनिवर्सिटी वाले चाहें तो हमें कोई एतराज नहीं है लेकिन आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने लिख कर भेजा कि हम इसके पक्ष में नहीं हैं। बच्चों ने कहा कि हमारी परीक्षायें आप जेल में ले लीजिए, उन्होंने कहा कि हमें पुलिस कस्टडी में परीक्षा देने दीजिए लेकिन वाइस चांसलर नहीं माने और कहा कि सिक्योरिटी के लिए यह बहुत बड़ा रिस्क होगा। इस तरह से दिल्ली में करीब 12-13 सौ विद्यार्थियों के जीवन को धक्का लगाने वाले जो लोग हैं उनके लिए मंत्री महोदय यह कह कर छुटकारा नहीं कर सकते कि आटोनामस बाडी है, आटोनामस यूनिवर्सिटी है। अगर कहीं पर हड़ताल हो गई, कोई यूनिवर्सिटी बन्द हो गई तो उसके दो ही कारण सरकार देती है कि यह स्टेट सब्जेक्ट है और जो सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज हैं जैसे दिल्ली, बनारस, अलीगढ़, वहां की हालत भी बड़ी खराब है, वहां के लिए भी सरकार कहती है कि वह आटोनामस है। वह आटोनामस तो है लेकिन आप किस मर्ज की दवा हैं? अगर आप इस चीज को नहीं कर सकते तो आपकी आज्ञा कभी भी फलीभूत नहीं होगी कि देश में शांति पैदा हो। ऐसा कभी नहीं होगा। आप को एक वातावरण बनाना होगा। एक तरह से इस गाड़ी के चार पहिए हैं—एडमिनिस्ट्रेशन, जिस में वाइस चांसलर हैं, विद्यार्थी, टीचर्स और कर्मचारी। आज टीचर्स का, एडमिनिस्ट्रेशन का, विद्यार्थियों के साथ कोई रैपर्ट नहीं है, सब अलग-अलग होते जा रहे हैं और एमर्जेंसी के बाद यह "गल्फ" बहुत ज्यादा बढ़ गया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के बारे में मैं जानता हूं—वहां जो घटनायें हुईं—यहां एक बात मैं पहले कह देना चाहता हूं और सारा सदन भी इस बात से सहमत होगा कि विद्यार्थियों की मांगें चाहे कितनी जायज हों, लेकिन उन को वायलेंस करने का अधिकार नहीं है, वायलेंस हरगिज नहीं होना चाहिए, जहां कहीं भी वायलेंस होगा, मैं उन को डिसएप्रूव करूंगा, कण्डेम करूंगा और मैंने पहले किया भी है। दिल्ली में जब एक बार घटना हुई थी, जिस में वाइस-चांसलर का आफिस बन्द कर दिया गया था, मैंने यहां खड़े हो कर उस को कण्डेम किया था और उस के बाद उन बच्चों को डांटा, समझाया और कहा कि यह हमारा फ्रीडम नहीं है।

लेकिन इस दफा क्या हुआ—वायलेंस किसी ने किया और जिम्मेदार किसी को ठहराया गया। मंत्री महोदय आज उस के बारे में सोचने को भी तैयार नहीं हैं। दिल्ली के तमाम मेम्बर पार्लियामेण्ट कह रहे हैं और जो एविडेंस आई है, वह भी यही कहती है कि लड़ाई झगड़ा किसी ने किया, जिम्मेदार किसी को ठहराया गया। यूनिवर्सिटी ने जो कमेटी बनाई, वह भी कमिटेड लोगों की थी, कमिटेड होने के बाद भी जो गवाहियां दी गईं, उस में यही कहा गया है कि जो बच्चे निकाले गये हैं, मैं तो उस को रोक रहे थे, वायलेंस नहीं कर रहे थे, जिन के खिलाफ नाम लिए गये, उन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिन्होंने डेपु-आफिस में आग लगाई, उन के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं—क्या यह सिलबर केस आज

[श्री कंवर लाल गुप्त]

डिस्क्रिमिनेशन नहीं है ? इस एटीचूड से आप किस तरह से उनकी भावनाओं को शान्त कर सकते हैं ? मुझे दुख है, मंत्री महोदय ने एक ही बात ले ली है—मुझे क्षमा करें, यहां पर मेरी सरकार है, अपनी सरकार के प्रति मुझे इतने कड़े शब्द नहीं कहने चाहिए, लेकिन मेरी भावना ऐसी है कि मैं उसे रोक नहीं पा रहा हूं । उन का कहना है कि या तो पुलिस उन को ठीक करेगी या जो वाइस-चांसलर हैं, जो कमिटेड हैं, उन के हाथ में बच्चों को आप ने सौंप दिया है । आप यह कह रहे हैं कि यह आटोनामस है, मैं इस में कुछ नहीं कर सकता हूं—आप को अपने इस रवैये को बदलना चाहिए । वाइस चांसलर इस बात को जानते हैं कि वे चाहे जो करें, उनके खिलाफ कुछ भी नहीं हो सकता है । इसलिए अगर कानून को भी बदलना पड़े, तो आप को बदलना चाहिए—मैं यह मांग इस सदन में आप से करता हूं । यह सदन करोड़ों रुपया आप के लिए स्वीकार करता है, यू० जी० सी० और यूनीवर्सिटीज के लिए हम करोड़ों रुपया देते हैं, क्या यह पैसा हम इस लिये देते हैं कि वे प्रजातन्त्र का हनन करें, बच्चों पर लाठियां चलवायें, उन को निकाल दिया जाय, उन के साथ पार्शियलिटी करें, डिस्क्रिमिनेशन करें और उस के बाद भी वे लोग यहां पर बने रहें—यह सदन इन बातों के लिए पैसा नहीं देता है ।

16.49 hrs.

[SHRI RAM MURTI *in the Chair*]

मैं माननीय मंत्री महोदय को चेतावनी देना चाहता हूं कि वे अपने रवैये को बदलें और रवैया बदल कर यह आर्गुमेण्ट न करें कि वह आटोनामस है । आप यहां पर हमारे मिनिस्टर हैं, हमारे प्रतिनिधि हैं, आप यह देखिए कि जो इस तरह के लोग हैं उन को सजा दी जाय, उन को हटाया जाय । यहां एक बात और कह देना चाहता हूं—अगर लड़के गल्ती करते हैं तो आप उन को भी सजा दीजिए, मुझे उस में कोई एतराज नहीं है । हम कभी नहीं चाहेंगे कि वे किसी भी तरह का वायलेंस करें । हम चाहेंगे कि एकेडेमिक एटमास्फीयर बने, अनुशासन रहना चाहिए, कोई भी वायलेंस नहीं होना चाहिए, लेकिन बच्चों में और बड़ों में थोड़ा फर्क होता है ।

अभी स्टीफन साहब यहां कह गये कि शाह कमीशन बकवास है । राज्य सभा में तो मैंने सुना है कि बहुत ज्यादा गालियां दी गईं और कहा गया है कि हम इस को जनता में ले जायेंगे, यदि कुछ भी कार्यवाही की गई । यह सदन इन बातों को शान्ति के साथ सुन सकता है, क्योंकि हम थोड़े मैच्योर्ड हैं, हमें इस तरह की बातें सुनने की आदत है । लेकिन उन का क्या मतलब है—वे हम को धमकी देना चाहते हैं कि उस का मुकाबला गोलियों से होगा । लेकिन बच्चे इतने मैच्योर्ड नहीं होते हैं, उनके दिल में जजबा है । उनको किसी ने आज तक बैठ कर गाइड नहीं किया और उन की आशाओं पर पानी फेर दिया । वे निराशा के वातावरण में अंधेरे में घूम रहे हैं और यही प्रमुख कारण है जिस से अनरेस्ट फैलता जा रहा है । इस के लिए आप आल इण्डिया लेविल पर कोई मिकेनिज्म, कोई मशीनरी बना कर दूर करें । मेरा सुझाव यह है कि अगर बच्चों की कुछ शिकायतें हैं, स्टूडेंट्स की, टीचर्स की कुछ शिकायतें हैं वाइस-चान्सलर के खिलाफ़ तो उन को उस मशीनरी को सुपुर्द कर दीजिए और वह मशीनरी उन को देखे और उन की जांच करे और जांच करने के बाद अगर वाइस चान्सलर की गलती है तो उन को सजा दी जाए और अगर विद्यार्थियों की ग़लती है तो उन को सजा दें । लेकिन कहीं कसूरवार वाइस-चान्सलर है, तो वही कमेटी बनाएगा, वही आडम्बर करेगा और सजा भी वही देगा । जिस को सजा देनी चाहिए उस को सजा नहीं दी जाती है, तो इस तरह से शान्ति पैदा नहीं होगी । एक कारण तो मेरे ख्याल में स्टूडेंट्स अनरेस्ट का यह है ।

दूसरा कारण यह है कि विद्यार्थियों के सामने एक अंधकार है और उन को पता नहीं कि हमारा भविष्य क्या होने वाला है, वे अंधकार में रहते हैं । There is a complete darkness before them. बी० ए० और एम० ए० करने के बाद भी उन को दोनों समय का खाना मिलेगा या नहीं मिलेगा, इस का कोई विश्वास उनको नहीं है । इस तरह की आज स्थिति है । हम ने वायदा किया है, जनता पार्टी ने वायदा किया है कि दस साल के अन्दर हम हर एक को एम्पलायमेंट देंगे । मेरा विश्वास है कि हम देंगे लेकिन मैं माननीय मंत्री जी से यह कहूंगा कि वे जो कन्सर्न्ड मिनिस्टर्स हैं उन को कहें कि दस साल का अर्सा तो बहुत लम्बा अर्सा है, हम एक फेज्ड प्रोग्राम बनाएं कि हर साल कितने लोगों को हम एम्प्लायमेंट देंगे और वह टार्गेट आप एचीव करते जाएं । जब इस तरह की बात स्टूडेंट्स के सामने आएगी, तो उन में एक विश्वास पैदा होगा और विद्यार्थियों में कुछ पढ़ने की, लिखने की और कुछ अनुशासन की बात भी आएगी, नहीं तो आज जो सारा ताना बाना है, वह वैसा ही झीना रहेगा ।

एक चीज और कहना चाहता हूं और वह यह है कि जब से मैं पैदा हुआ हूं, तब से मैं सुनता आ रहा हूं कि हमारी शिक्षा पद्धति बड़ी खराब है । जवाहरलाल नेहरू जी ने भी यही कहा और जब लाल बहादुर शास्त्री प्रधान मंत्री बने, तो उन्होंने भी यही कहा कि शिक्षा पद्धति में बदल आनी चाहिए और जब इन्दिरा जी आईं तो उन्होंने भी यही कहा और वे यही कहती रहीं । अब हम भी यही कह रहे हैं कि शिक्षा पद्धति में बदल आनी चाहिए । इस के लिए पहले कमीशन भी बैठाए गये, दो तीन कमीशन बने और उन्होंने बहुत सारी रिपोर्टें दीं कि क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए । मेरा ख्याल है कि वे रिपोर्टें कोल्ड स्टोरेज में पड़ी हैं । अब हमें भी 13 महीने हो गये हैं और क्या हम भी जिस तरह से पहली सरकार चलती थी, उसी तरह से चलेंगे । हम ने शिक्षा पद्धति में क्या बदल किया है । पहले 10 प्लस 2 प्लस 3 चला रही ।

उस के बाद आपने 8 प्लस 4 और प्लस कुछ और किया है।

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र) : यह नहीं हुआ है।

श्री कंवरलाल गुप्त : अब आपने 8 प्लस 4 प्लस कुछ और किया है। 10 प्लस कुछ है या 12 प्लस कुछ है, यह हमें और हिन्दुस्तान में लोगों को साफ़ नहीं है। कहीं कुछ प्लस है और कहीं कुछ प्लस लेकिन टोटल वही 15 साल होता है 10 प्लस 2 प्लस 3 यह पहले आया था और आपने जो किया उस के आंकड़े अभी ठीक से मालूम नहीं हैं। बाद में यह कहा कि इस का स्टेट्स पर छोड़ देंगे और स्टेट जैसा चाहें वैसा करें। इसका नतीजा यह होगा कि कहीं 10 प्लस 2 होगा और कहीं कुछ और होगा। This is a confusion. I think the Government should have a clear picture in its own mind what type of education they want and the amendment changes they want to suggest to the people.

हम चाहते हैं कि यह चीज क्लीयर होनी चाहिए 13 महीने में यह चीज क्लीयर नहीं हुई है। मेरे पास एक विद्यार्थी के पिता जी आये थे। उन्होंने कहा कि सुना है कि स्टूडेंट्स अनरेस्ट पर चर्चा होगी। मैंने एन० सी० आर० टी० पर पहले एक सवाल उठाया था कि एक से लेकर बारहवीं कक्षा तक कितनी किताबें उपलब्ध हैं?

"Out of 60 textbooks prescribed by the NCERT for classes I to VIII, only 12 are made available. The position for Classes IX, X and XI is still worse. For XII Standard, for which the students have to appear for the Board Examination in March, 1979, except English and Hindi textbooks, no other textbook has so far been compiled for printing. Since the Publications Division at Patiala House are the sole distributing agents of the NCERT, it is not known what the Sales Wing of the NCERT are doing."

यह हालत है। सभापति महोदय, यह सवाल मैंने एक साल पहले उठाया था और मांग की थी कि किताबें छपनी चाहिएं। उस समय माननीय मंत्री जी ने कहा था कि किताबें छप जाएंगी लेकिन अभी तक बहुत सारी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। जब अब बच्चों के पास किताबें नहीं होंगी तो वे पढ़ेंगे क्या?

सभापति जी आज भी बहुत सी यूनिवर्सिटियों में वाइस चांसलर नहीं हैं। मंत्री जी ने इस सम्बन्ध में जवाब दिया था कि उपयुक्त आदमी नहीं मिल रहे हैं।

डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र : अब मिल गये हैं।

श्री कंवर लाल गुप्त : अगर यहां बहस होने के बाद मिलते हैं तो बात दूसरी है। आपने यहां स्वयं कहा था कि उपयुक्त आदमी नहीं मिल रहे हैं।

सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी ने स्वयं यह कहा है कि स्टूडेंट्स में जो आज अनरेस्ट है वह इसलिए है कि उनके सामने अंधकार है। यह अंधकार इसलिए भी बढ़ता जा रहा है कि हमारी शिक्षा की क्वालिटी गिरती जा रही है। हमारे यहां वाइस चांसलर नहीं मिलते हैं जो कि अच्छे हों। यह बात राष्ट्रपति जी ने पब्लिकली कही है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि ये सब बातें कौन ठीक करेगा? ये बातें ठीक होनी चाहिए।

17.00

सभापति महोदय, एक सर्वे किया गया है। उस सर्वे में स्टडी की गई है कि टीचर्स बनने के बाद लोग कितनी स्टडी करके आते हैं और कितना वे पढ़ते हैं। उस सर्वे में यह रिपोर्ट आई है कि 56 परसेंट टीचर्स अपोइंटमेंट के बाद पढ़ते हैं। पहले वे किताबों को देखते नहीं कि क्या किताबें हैं। इसका परिणाम यह है कि हमारी जो शिक्षा है वह ओबसोलीट होती जा रही है और समय के हिसाब से आगे नहीं चल पा रही है। समय आगे बढ़ता जा रहा है और शिक्षा वहीं की वहीं है। नतीजा यह होता है कि दोनों का मेल न होने से विद्यार्थियों में अनरेस्ट पैदा होता है। इसके लिए हमें कोई रास्ता निकालना चाहिए ताकि इस तरह की चीज ठीक हो। हमारे प्रेजेन्ट सिस्टम आफ एजूकेशन में भी बदल होनी चाहिए। हमें देखना चाहिए हमारा एजूकेशन सिस्टम समय के हिसाब से है या नहीं। इसका एक और कारण है इसके लिए मैं भी जिम्मेदार हूं और सभी पार्टियां जिम्मेदार हैं। यूनिवर्सिटियों में पोलिटिकल पार्टीज का इंटरफीयरेंस होता है। यह चीज भी इसके लिए बहुत ज्यादा हद तक जिम्मेदार है। हम उनको मिसयूज करेंगे, इस तरीके से इंटरफीयर करेंगे तो वहां शान्ति नहीं बनी रह सकती है। बिहार में रिजर्वेशन का सवाल आया। विद्यार्थियों में इस को ले कर कोलाहल मच गया और वहां के सभी विश्वविद्यालय बन्द हो गए। उसमें मैं जाना नहीं चाहता हूं। पोलिटिकल एटमसफीयर जो बाहर रहता है वह यूनिवर्सिटियों में भी आता ही है। मुझे डर है कि हमारे इधर के भाई अब कोई नहीं हैं। सभी बैंच खाली हैं हो सकता है कि एक डिटमिंड एफर्ट इनकी तरफ से हो अब के कम दिल्ली में शाह कमिशन की रिपोर्ट पर जो कार्रवाई होगी उसको ले कर। उस में विद्यार्थियों का उपयोग करके देश में वायोलेंस पैदा करने की एक कान्सिपरेसी हो सकती है। उसके लिए भी आपको सतर्क रहना चाहिए। उनके अन्दर बहुत से टीचर और बहुत से वाइस चांसलर भी शामिल हैं। वे सब इस तरह की बात चाहते हैं क्योंकि इस सरकार से उनको काफी तकलीफ है।

[श्री कंवर लाल गुप्त]

मैं चाहता हूं कि आप विद्यार्थियों को पुलिस की लाठी पर या वाइस चांसलर जो बायस्ड हैं उन के रहम पर न छोड़ें। उसके खिलाफ़ पुलिस की लाठी काम नहीं कर सकेगी। आपने एक सवाल के जवाब में कहा था जून 1977 में कि हम ने इंस्ट्रक्शंज जारी कर दिए हैं यूनिवर्सिटीज को और स्टेट गवर्नमेण्ट्स को भी कि जो विद्यार्थियों के ग्रीवेंसिस हैं उनको हल करने के लिए उनके साथ मिल कर एक कमेटी बनाई जाए और उनके ग्रीवेंसिस को दूर किया जाए और कोशिश की जाए ताकि उनको तसल्ली हो। इन इंस्ट्रक्शंज का कितना एम्प्लीमेंटेशन हुआ है? दिल्ली, बनारस, अलीगढ़ में क्या इम्प्लीमेण्ट किया है आपने? स्टेट गवर्नमेंट्स ने तो किया ही नहीं है, यह मुझे मालूम है। यहीं कुछ नहीं हुआ तो वहां क्या हो सकता था। मैं जानता हूं कि जब कभी किसी वाइस चांसलर ने बात की है तो केवल रात के साथ की है, बराबरी की हैसियत उनको दे कर बात नहीं की है। केवल इंस्ट्रक्शंज इशू कर देने से काम नहीं होगा। अगर वे इनको इम्प्लेमेंट नहीं करते हैं तो आप क्या करेंगे? यह कहेंगे कि आटोनोमस हैं?

Is it the only reply that it concerns the State Governments? Are you here only to look after the Ministry of Education? They have been given crores of rupees. You cannot take the plea that it is an autonomous board or a university and you cannot interfere in their affairs. Nobody can take this plea. You should not be a passive spectator and a most ineffective person. You must be effective and you must see that action is taken against those who indulge in illegal activities.

अगर ऐसा नहीं होगा तो कभी मामला ठीक नहीं होगा। कभी भी लाठी गोली से काम नहीं चल सकता है। पिछली सरकार ने सब स्टूडेंट कमेटीज तोड़ दी थीं। तब तानाशाही थी। आप तो इनको बनाएं।

दिल्ली का एक प्राबलम मैं बताता हूं। मैंने दिल्ली में होस्टल एकमोडेशन के बारे में सवाल पूछा था और आपने उत्तर में बताया था कि आपके हिसाब से होस्टल एकमोडेशन जितनी चाहिए उसकी पंद्रह परसेंट भी नहीं है। किताबें नहीं हैं, होस्टल एकमोडेशन नहीं है। टीचर्स की कहानी अपनी अलग ही कहानी कहती है। पचास परसेंट जिन के मार्क्स थे या जो थर्ड क्लास थे उनको रख लिया गया है और जो पी०एच०डी० थे उनको नहीं रखा गया है। पोलिटिकल प्रेशर में आ कर उनको भर्ती कर लिया गया, इनकम्पीटेंट टीचर्स को भर्ती कर लिया गया। नुरूलहसन साहब मिनिस्टर भी रहे और प्रोफेसर भी बन गए। एक मि० निगम हैं। वह प्रोफेसर भी बन गए हैं, और भी कुछ बन गए हैं। कोई आथटी-रिटी नहीं है। कह दिया जाता है सिलेक्शन बोर्ड है, हम क्या कर सकते हैं। अब अगर सिलेक्शन ही गलत किया गया है तो क्या किया जा सकता है? इनकम्पीटेंट टीचर्स हैं। आपने यह भी कहा है कि किताबें नहीं हैं। होस्टल एकमोडेशन की कमी है। सारे कालेज ओवर क्राउडिड हैं। एक-एक कालेज में दो, ढाई हजार बच्चे हैं जिसकी वजह से कोई रैपर्ट विद्यार्थियों और टीचर्स के बीच में नहीं रह गया है। तो नतीजा यही होगा। मैं चाहूंगा सरकार इस बारे में निर्णय ले कि हायर ऐजूकेशन सब के लिए है या कुछ लोगों के लिए है? हायर एजूकेशन किस हद तक सब के लिए करनी है और किस हद तक सब के लिए नहीं करनी है, क्योंकि उसकी जो क्वालिटी है वह मेन्टेन होनी चाहिए और उस हिसाब से सब चीज की व्यवस्था होनी चाहिए और उसके बारे में कोई पौलिसी सरकार को बनानी चाहिए।

एक चीज और चाहूंगा कि जितनी भी पोलिटिकल पार्टीज हैं उनकी आप मीटिंग बुलाइये। अब एक साल से चर्चा चल रही है, मंत्री जी ने भी कहा कि बुलायेंगे। एक साल तो ऐसे ही चला गया, जिसका परिणाम यह है कि समस्या और भयानक होती जा रही है। अब चीज एक वोल्कैनों पर रखी हुई है जो कभी भी फट सकता है तो उसमें एक दिन की भी देरी नहीं होनी चाहिए। मैं जानता हूं कि आपने कुछ वाइस-चांसलर्स को बुलाया है लेकिन वह तो कुछ इधर कमिटेड हैं, कुछ उधर कमिटेड हैं। लेकिन आपको पोलिटिकल पार्टीज की मीटिंग जल्दी बुलानी चाहिए और कोड आफ़ कंडक्ट तय होना चाहिए, और सबसे पहले यह होना चाहिए कि मांगें कितनी भी जायज हों लेकिन हम वायलेंस नहीं करेंगे, और इसको सब मानेंगे। और उसके साथ-साथ जो बच्चों की, कर्मचारियों की, टीचर्स की दिक्कतें हैं उसके लिए कोई मशीनरी बनानी चाहिए जो वाइस-चांसलर से इंडिपेण्डेंट मशीनरी हो, और वहां पर जो निर्णय हो वह फ़ाइनल माना जाय। और जब तक पोलिटिकल पार्टीज का ऐक्सप्लायटेशन नहीं रुकेगा तब तक शांति नहीं होगी।

मैं चाहूंगा कि 10 प्लस 2 प्लस 3 का भी मामला साफ हो जाय कि आपकी पौलिसी क्या है? क्या चाहते हैं आप कि हर एक स्टेट में अलग-अलग सिस्टम होगा? मेरी राय है कि शिक्षा कानकरेंट विषय होना चाहिए, स्टेट सबजेक्ट नहीं होना चाहिए। जब तक शिक्षा ठीक नहीं होगी देश में प्रगति नहीं हो सकती। तो मेरी मांग है कि इस ऐजूकेशन को कानकरेंट सबजेक्ट करना चाहिए और सरकार राज्यों को गाइडलाइन्स दे जिसके आधार पर देश की इंटेगरिटी और डेमोक्रेसी बनी रहे और चरित्र का निर्माण हो, एक ऐकेडेमिक ऐटमास्फ़ीयर यूनिवर्सिटी में रहे। यह सरकार को देखना चाहिए।

श्री एच० एल० पटवारी (मंगलदाई): किसी के दिमाग में नहीं आता है।

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र): पार्टी का डिसीजन है।

श्री एच० एल० पटवारी : पार्टी का डिसीजन नहीं है।

श्री कंवर लाल गुप्त : एक चीज जो मैं चाहूंगा मंत्री महोदय क्योंकि स्वयं प्रोफेसर हैं, वह सब चीजों को समझते हैं और मैं यह मानकर चलता हूं कि उनको मेरे से ज्यादा ज्ञान है शिक्षा के बारे में, सारे जीवन का अनुभव उनके पास है, तो क्या बदल आप करना चाहते हैं ऐजूकेशन में, वह जल्दी से जल्दी क्यों नहीं करते हैं। आपको करना चाहिए ताकि ऐजूकेशन परपजफुल और मीनिंगफुल हो और बच्चों में विद्यार्थियों में विश्वास आये। जिस तरह ये तेरह महीने निकल गये हैं, उसी तरह पांच साल भी निकल जायेंगे। पिछली सरकार और हम सब लोग यह रागिनी अलापते रहे हैं कि ऐजुकेशन को बदलना चाहिए। इस को कौन बदलेगा ? मुश्किल यह है कि स्वयं डा० चन्द्र ने कहा है कि एजूकेशन बदलनी चाहिए। लेकिन वह बदलेगा कौन ? क्या मैं बदलूंगा, या ये माननीय सदस्य बदलेंगे या सभापति महोदय, आप बदलेंगे ? इसको तो मंत्री महोदय ही बदलेंगे। तो फिर वह क्यों नहीं बदलते ? इन तेरह महीनों में उन्होंने शुरुआत क्यों नहीं की ? इस बारे में डायलाग और डिसकशन होनी चाहिए और उस के बाद फ़ैसलों को लागू करना चाहिए। इस के लिए एजूकेशन को कानकरन्ट लिस्ट में रखना जरूरी है।

मंत्री महोदय से मेरी प्रार्थना है कि वह कुछ ज्यादा इफ़ेक्टिव हों और थोड़ा ज्यादा एसर्ट करें। वह बहुत ज्यादा सीधे हैं। ये बातें कहते हुए मेरे मन को दुख हो रहा है; मुझे खुशी नहीं हो रही है। मंत्री महोदय को यह देखना चाहिए कि जहां जिस की ग़लती हो, उस को ठीक किया जाये। मुझे आशा है कि मंत्री महोदय मेरे इन सुझावों पर विचार करेंगे और एक सप्ताह के अन्दर अन्दर इस बारे में कोई कार्यवाही करेंगे।

दिल्ली में जिन लड़कों को रस्टीकेट किया गया था, और जब सारा एविडेंस कोर्ट के सामने रखा गया, तो कोर्ट ने उन्हें एग्जामिनेशन में बैठने की इजाजत दे दी और यूनिवर्सिटी को नोटिस दे दिया। क्या हमें बच्चों को कोर्ट में जाने के लिए मजबूर करना चाहिए ? तो फिर हम लोग किस लिए हैं ? ऐसा नहीं होना चाहिए।

एक दुर्भाग्य की बात यह भी है कि इमर्जेंसी के दिनों में जो लोग खुशामदी थे, वे आज भी खुशामदी बने हुए हैं। बटरिंग करने में वे पहले के एक्सपर्ट हैं। वे पहले उधर भी बटरिंग करते थे और अब उन्होंने इधर भी करना शुरू कर दिया है। परिणाम यह हुआ है कि हम जो कदम उठाना चाहते हैं, हम नहीं उठा पाते हैं, क्योंकि उन के भी हिमायती हैं—हमारी ही पार्टी में उन के हिमायती मिल जाते हैं। दिल्ली के बारे में कहा जाता है कि अमुक अमुक व्यक्ति उन की पीठ पर हैं, इस लिए उनके खिलाफ़ कुछ नहीं हो सकता है। यह स्थिति सब यूनिवर्सिटी में है और यह खत्म होनी चाहिए।

प्रधान मंत्री को भी इस बारे में एडमिनिस्ट्री सुपुर्द किये हुए कई महीने हो गये हैं। प्रधान मंत्री जी से यह आशा नहीं की जा सकती है कि वह इतनी जल्दी इस काम को खत्म कर दें, क्योंकि उन को सारे देश का काम देखना होता है और उन पर बहुत भार है। इस लिए मैं यह नहीं कह सकता हूं कि उनकी कोई कमी है। लेकिन जितनी देरी होती जायेगी, उतनी ही यह खाई और बढ़ती जायेगी।

इस लिए मंत्री महोदय इन सब बातों पर विचार करें, वह एक यूनिवर्सिटी के बारे में जल्दी से जल्दी कार्यवाही करें, वह ज्यादा इफ़ेक्टिव हों, वह पैसिव स्पेक्टेटर न रहें और इस मामले में सिर्फ़ पुलिस की लाठी पर डिपेंड न करें।

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That this House expresses its concern at the growing student unrest in universities and other institutions for higher education deemed to be universities and recommends to the Government to take appropriate steps to remove the causes of unrest."

SHRI A. K. ROY (Dhanbad): I want to know what is the time fixed for the debate?

MR. CHAIRMAN: Four hours.

DR. RAMJI SINGH: (Bhagalpur): I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"by providing relevant education and training in head, hand and heart; medium of instruction through mother tongue; providing stress upon Indian culture; providing common school and abolishing Public Schools; by abolishing compulsory membership of students union; introducing at least 2 months social work every year curtailing vacancies; delinking examination with educational curriculum, delinking examination with degrees and degrees with jobs and introducing moral and spiritual instructions in educational institution." (1).

SHRI VINAYAK PRASAD YADAV (Saharsa): I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"so that peaceful atmosphere is created in schools, colleges and universities and the students may feel that after passing out of universities their livelihood and future is secure." (2)

SHRI HUKAMDEO NARAIN YADAV: I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"and in view of the fact that the present system and management of education as well as outlook thereon are responsible for this situation, further recommends that a high level Committee be constituted which may convene a national convention of educationists and social workers and in consultation with them, suggest radical changes and submit its report to the House within six months so that a decision could be taken thereon without delay and the House also condemns those who instigate the students out of political motivation." (4)

SHRI A. K. ROY: I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"by ending the monopoly of upper classes in the higher education; enforcing reservation for the productive classes in the academic sphere and substituting production oriented education and society oriented culture to the present sterile decadent one carrying the stamp of colonial past." (6)

SHRI ANANT DAVE (Kutch): I beg to move:

That in the motion,—

add at the end—

"by providing such education as they should feel that they are the true architects of this country and after finishing their education they would certainly get jobs." (7)

SHRI YUVRAJ (Katihar): I beg to move:

That in the motion,—

after "and recommends to the Government to"

insert "make radical changes in the system of education and make it job-oriented and" (8)

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: (Cannanore): Sir, we are discussing a very important subject. The result of the discussions, I am sure, will be watched with keen interest by the entire student community in the country as well as the other sections of people of our democratic country.

Sir, while moving this Resolution my friend, Shri Kanwar Lal Gupta placed many important points before us. With some I may not agree; with a few I might agree with him.

But, I must say at the outset that the problem of student unrest should be viewed from a different angle than that which has been posed by Shri Kanwar Lal Gupta.

The student reflects the social unrest in the society in which we are living.

If a society is relatively calm and if they move forward smoothly and if the policies of the Government—whichever party is in power—give relative satisfaction to the younger generation then, in that society, there will be little scope of student unrest.

If a society is in turmoil and in revolt then I cannot expect the student community to be submissive. Especially the mood of the students who are in the universities will not reflect the mood which is existing in the society

So, I approach this problem from this angle. I am sure many of my friends sitting on that side will also agree with me on this point.

In this country—and for that matter, in the entire world—we can see the phenomenon of revolt on the part of the younger generation whenever they are dissatisfied and discontented with vital issues which concern the nation.

In our country during our freedom struggle the student community responded magnificently and they took part in every freedom struggle that we waged. They were the most effective instruments in carrying forward the freedom struggle. But soon after independence we found that the phenomenon of student unrest was coming more and more to the forefront. It is not something happening in the recent period alone.

What has happened? Without going into the details one can say this. There is a big gap between promises and performance. The gap is widening. There were promises about a new life in Independent India: promises about economic reform; promises about democratic rights, promises about a better system of education, promises of an education which will make them more useful citizen in their life later, all these promises were belied. As problems grew up, they started revolting against this system, against the whole attitude of the society towards them. And then perhaps Mr. Kanwar Lal Gupta will agree with me on one point, that is, when people come to power as you have now come to power, that is, your party, an attitude will develop, the attitude of sermonising the students saying "don't misbehave, be disciplined and we will do everything good for you." But that will not be enough and that will not be sufficient. The point is that there were people sermonising the students on that side when you were all along sitting on this side and we are hearing a little bit of sermons from you now.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: I have not given any sermon.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: You did not try to do that. Now, let us go to the basic problem which the student community is facing today. Let us be sympathetic to them. I do not say that you are not sympathetic to them. The problem of unemployment is one of the most acute problems among the younger generation. The Janata Government made a promise and the Prime Minister had mentioned—you also made a suggestion—that in ten years the problem of unemployment would be wiped out. But what are the instructions through which you are going to implement those promises. I am not going to make it a debate on the problem of unemployment. The result has shown in one year's time, as it was revealed in the Economic Survey—Shri Kanwarlal Gupta wanted year to year programme and here is the year to year programme presented by your Government in the Economic Survey of India —that there will be 12 per cent increase in one year. 12 per cent increase of unemployment in one year will be there and your promise is that in ten years you are going to wipe out the problem. Who will believe that? In the next year, it is going to increase. There is no doubt about it.

Then, Sir, there will be revolt. Another problem which I do not want to refer here just now but I would mention about it that when you were speaking, I think there was a slogan shouting outside and there was hushing up also. The students of Kanpur came here to say that their Vice-Chancellor should behave properly. The problem which you raised, of shouting and killing is no remedy, arrest is no remedy to the problems of the students. They came here to tell us about the problems on the day when Shri Kanwarlal Gupta, one of the leading luminaries of the Janata Party, was raising a discussion on this subject. But what is the reply the

[Shri C. K. Chandrappan]

Minister is going to give today? The condition in our country is that almost in the entire North Indian States where the Janata Party swept the polls, the educational institutions, the higher educational institutions have come to a state of an absolute paralytic situation. It is not a very enviable thing. You cannot deal with these problems merely as a law and order problem. There, you have dealt with the question of educational reform and the democratic rights of the students. When coming to the problem of educational reforms, one of the most menacing problems is the problem of examination. I have been going through the reports of most of the students agitation these days; the students find question papers very tough and they refuse to answer them; you bring police to make them answer the tough questions; they find that the invigilators are misbehaving or they have complaints, genuine or not. Anyway examination reform is a matter of urgent importance. I know the government will say : we have appointed so many committees and they have made so many recommendations and we are trying to implement them. But that is no solution. In the last thirty years the country was hearing all this but not much appreciable change in the basic character of the examination system in our country has been made during this period by any recommendation. Let us take the students into confidence; sometimes it is good. Let us have a meeting of the students, teachers and people who are interested in education, educationists; let them discuss how this problem of education reform, particularly the problem of examination reform can be solved. The solutions which they suggest might be better than the suggestions of so many experts who may have very little relation with the student community. I hope such a step will be taken by the government.

Coming to the text book problem, which Mr. Kanwarlal Gupta raised, it is not merely a question of text books not being distributed. What are the contents of those text books. The contents in many cases are unrelated to Indian lives and the students find it extremely boring to read about things that have no relevance in today's society or to our country. So the content should be made something which is related to his life, something which will be useful to him as a citizen of this country, something which will uphold national traditions as well as national goals the country pursues. I will say that Marxism should be made a subject for students to learn; I do not know whether Mr. Kanwarlal Gupta will agree to that. When you speak of socialism, Marxian socialism should be taught; it is essential. The idea of secularism should be put across and the students should learn in an atmosphere of secularism. The idea of democracy should be practised, not only preached; it should be practised in the university campus by giving them the right to form students' union and giving them the right to have adequate participation in the administration of academic matters of the university. There should be democratic functioning of students unions. It should be statutorily ensured in all the universities and colleges and that should become a forum for the entire student community of India to express their problems, not only for expressing their problems but to participate in creative, constructive activities! there should be adequate student participation in the administration and academic matters. I must even say that even in the framing of questions for examinations, student participation is good. It is my view. In the examination halls, open text book policies should be adopted.

Another important problem is about the teacher. Mr. Gupta said that the teacher was not studying enough to teach the student community. I may also agree that he is not studying properly. Then what about his living

conditions? Do we take care to see the condition in which the teacher is living? It is good that the hon. Minister of Education is coming from West Bengal. I will draw his attention to the famous film directed by Satyajit Ray, *Janaranja* in which you find the example of a Calcutta teacher and how he values examination papers, under what conditions and with what result. He is using a kerosene lamp almost flickering out and mosquitoes are coming. The teacher is not having a proper spectacle to look at the paper; because that is an old one, he is searching for a friend's speaks and the friend has gone to Calcutta and the teacher has to evaluate the paper the same night and he did it without seeing the paper and the result was, he created some frustration in the minds of the students. Therefore, the living condition of the teachers should be improved.

Finally about violence and the role of the political parties, to which Mr. Kanwar Lal Gupta referred in his speech, I am in full agreement with him when he says that the students should not indulge in violence. But I must make an appeal to the ruling party, because they are more responsible for that, that they should create such a condition in the country that the students will not indulge in violence. If you send police vans to the Universities often and if you try to find solution with an iron-hand to their genuine problems, then violence will be there because it will be retaliated in the same fashion by the student community. After all, you should not forget the fact that you are dealing with the younger people, inflammale material. You should be very careful, very sympathetic and very tactful in dealing with them. If that situation is created, there will be little scope for violence.

About the Emergency. If you think that the student community is revolting because the Government is not taking those measures of democratisation in the Universities in tune with what has happened in the last Election, I may disagree with that. I do not think that that is the main thing. That may be one of the smaller problems in their minds. The main thing is that the student community is seeing another failure in place of the Congress failure.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: That is not the main thing. You do not understand it because you have not suffered. Those who have suffered can understand it.

